पत्रांक– 6115 न०वि०एवंआ०वि०

# बिहार सरकार
# नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

**चैतन्य प्रसाद,**
सरकार के प्रधान सचिव।

सेवा में,

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
नगर परिषद् खगौल।

पटना, दिनांक 6-9-16

विषय :– **माह जुलाई 2016 की मासिक समीक्षा टिप्पणी के संबंध में।**

महाशय,

नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा आपके कार्यों की मासिक समीक्षा की जा रही है। माह जुलाई तक प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा से निम्न तथ्य विदित होते हैं :–

1. **चतुर्थ राज्य वित्त आयोग** :–

(i) चतुर्थ राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2016 को आपके नगर निकाय में 16.76 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2016–17 में 0.00 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 16.76 लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 1.20 **लाख रूपये** है। **जो की 7.16 प्रतिशत है ।** स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***अत्यंत निराशाजनक*** है।

2. **13वें वित्त आयोग** :–

(i) 13वें वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2016 को आपके नगर निकाय में 1.55 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2016–17 में 0.00 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 1.55 **लाख** रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 1.55 **लाख रुपये है,जो 100.00 प्रतिशत है** । स्पष्टतः आपकी उपलब्धि **संतोषजनक** है।

3. **14वें वित्त आयोग** :– 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2016 को आपके नगर निकाय में 60.26 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2016–17 में 87.48 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 147.74 **लाख** रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 24.68 **लाख रूपये** है **,जो की 16.71 प्रतिशत है।** स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***अत्यंत निराशाजनक*** है।

4. **राज्य योजना** :– (i) राज्य योजना अंतर्गत दिनांक 01.04.2016 को आपके नगर निकाय में 362.09 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2016–17 में 0.00 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 362.09 **लाख** रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 26.81 **लाख रूपये** है। **जो की मात्र 7.40 प्रतिशत है ।**

(ii) भौतिक प्रतिवेदन की समीक्षा करने से ज्ञात है कि दिनांक 01.04.2016 को **आपके यहाँ कोई भी** योजनाएं लंबित **नहीं** थी। वर्ष 2016–17 में अब तक 6 योजना ली गयी है। इस प्रकार कुल कार्यरत 6 योजनाओं में **कोई भी** योजना पूर्ण **नहीं** हुई है। अतः उपलब्ध संसाधनो में से नयी योजनाओ का चयन करते हुए कार्यो का निष्पादन करें। स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***अत्यंत निराशाजनक*** है।

5.पंचम **राज्य योजना** :–

(i) **राज्य योजना** अंतर्गत दिनांक 01.04.2016 को आपके नगर निकाय में 221.64 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2016–17 में 0.00 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 221.64 **लाख** रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 27.13 **लाख रूपये** है **,जो की मात्र 12.24 प्रतिशत है** ।

6.**ठोस अवशिष्ट प्रबंधन** :–

(i) आपके शहर में कुल 27 वार्ड हैं, जिसमें से **अभी तक** 13 वार्डों में डोर–टू–डोर कूड़ा संग्रहण का कार्य हो रहा है।

(ii) सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यांत्रिकरण पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन वांछित संख्या में मशीनों का क्रय नहीं किया गया है। शहर में कार्यरत सफाई कर्मियों की ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमिट्रिक हाजिरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है, इसका अनुपालन अप्राप्त है। ठोस अवशिष्ट के प्रभावी प्रबंधन एवं निष्पादन के लिए की जा रही कार्रवाई का प्रतिवेदन अपेक्षित है।

7.मुख्यमंत्री स्वच्छता अनुदान :-

(i) **मुख्यमंत्री स्वच्छता अनुदान योजना के** अंतर्गत आपके नगर निकाय वर्ष 2015–16 में 63.60 लाख रूपये विमुक्त **हुए**। **वित्तीय** वर्ष 2016–17 में 0.00 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 63.60 **लाख** रूपये संसाधनों में से **दूरभाष पर प्राप्त सूचना के अनुसार** अद्यतन व्यय 47.70 **लाख रूपये** है।

8. **उपयोगिता प्रमाण पत्र** :– आपके निकाय के विरूद्ध वित्तीय वर्श 2003–04 से 2014–15 तक की अवधि में **कुल 2142.08 लाख की राशी विभाग द्वारा आवंटित की गयी थी जिसके आलोक में अभी तक** कुल 1150.87 लाख रूपये का उपयोगिता प्रमाण पत्र **जमा की गयी है | अभी भी 991.21 लाख रूपये का उपयोगिता प्रमाण पात्र समायोजित के लिए लंबित है| लंबित राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र** अगले 7 दिनों के अंदर **विभाग में जमा करें |कुल**

71.45 लाख का T.V न0 कोषागार पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है एवं 85.55 लाख Unspent है| (नगर निकाय पत्र की तिथि 06.01.15)

9.नगर सेवा प्रबंधन :–

आपके शहर से संबंधित इस वित्तीय वर्ष में हेल्पलाईन के माध्यम से 48 जन शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमे से अभी तक 44 का निराकरण किया गया हैं। स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***संतोषजनक*** है।

10.**होल्डिंग टैक्स** :– माह जुलाई 2016 का मासिक संग्रहण 5.42 लाख रूपये है, जो की वित्तीय वर्ष की औसत मासिक संग्रहण 5.56 लाख रूपये से 2.52 प्रतिशत कम है। चालू वित्तीय वर्ष का वार्षिक औसत मासिक संग्रह 9.74 है | दिनांक 01.04.2016 को होल्डिंग की संख्या 4261 थी एवं अद्यतन तिथि तक 4261 होल्डिंग ही है। होल्डिंग का सर्वेक्षण करके अतिरिक्त होल्डिंग को होल्डिंग टैक्स के दायरे में लाने के लिए किये गये प्रयास जारी रहे।

11..**अन्य स्रोतों से कर** :–

अन्य स्रोतों से कर वसूली 6.13 लाख रूपये है, जिसमें सुधार लाने का प्रयास करें।

**12.स्वच्छ भारत मिशन** :– स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2015-16 में दिए गए कुल लक्ष्य 133 एवं 2016-17 में दिए गए कुल लक्ष्य 266 अथार्त कुल लक्ष्य 399 के विरुद्ध आपके निकाय में 12 व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण किया गया है,लेकिन एक भी सामूहिक एवं Public Toilet नहीं बने हैं। इस पर जोर दिया जाय।

14. **सबके लिए आवास** :- सबके लिए आवास (HFA) योजनान्तर्गत आपके नगर निकाय में वितीय वर्ष 2016-17 में भारत सरकार द्वारा 45 घर बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है| जिसमे से 29 लाभार्थियों के विवरण को भारत सरकार के MIS Online Portal पर इंट्री की गई है | आपके द्वारा अब तक एक भी Beneficiaries record (अभिलेख ) नहीं खोली गई है एवं अब तक एक भी लाभार्थी को प्रथम क़िस्त की राशि का RTGS नहीं किया गया है | कृपया इसमें और तेजी लाने का प्रयास करें |

15. **पी०एल०खाता**:- दिनांक 01.04.2016 को आपके नगर निकाय के पी० एल० खाते में 1142.62 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2016–17 में 0.00 लाख राशि विमुक्त की गई है। इस प्रकार कुल उपलब्ध 1142.62 लाख की राशि में से 75.13 लाख मात्र राशि का भुगतान किया गया है | शेष 1067.49 लाख की अव्यवहृत अंतिम राशि (Closing Balance) अभी भी मौजूद है जो अत्यंत ही बड़ी राशि है|

16.<u>लंबित अंकेक्षण :-</u>

आपके नगर निकाय के विरुद्ध निम्लिखित अंकेक्षण प्रतिवेदन लंबित है :-

| **अंकेक्षण प्रतिवेदन सं०** | **वर्ष** | **अनुपालन प्रतिवेदन की स्थिति** |
|---|---|---|
| 605/2006-07 | 01-02 से 2005-06 | अप्राप्त |
| 529/2012-13 | 2011-12 | अप्राप्त |
| 31/2001-02 | 95-96 से 2001-02 | अप्राप्त |
| 751/2013-14 | 2012-13 | अप्राप्त |

उपर्युक्त लंबित कंडिकाओ का निष्पादन अगले 7 दिनों के अंदर विभाग में जमा करें जिससे इसपर अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

निर्देश दिया जाता है कि इस मासिक समीक्षा टिप्पणी में अंकित तथ्यों पर लिखित अनुपालन प्रतिवेदन पत्र निर्गत होने के तीन सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से विभाग को प्रेषित किया जाय। इस मासिक समीक्षा टिप्पणी को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जा रहा है। साथ ही आपके द्वारा समर्पित किये जा रहे मासिक समीक्षा टिप्पणी का अनुपालन प्रतिवेदन भी वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा।

विश्वासभाजन

5/9/2016

**(चैतन्य प्रसाद)**,
सरकार के प्रधान सचिव।